तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025



13 डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध कराएं : राठौर



14 ग्राम विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने क्यूआर ..







B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड 114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि - 04/09/25

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

7000786116, 9300850065


## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 सितंबर को सुबह 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया कि उक्त बैठक में प्रान्त से प्राप्त विभिन्न जानकारी प्रदान की जाएगी, पेंशनरों को अन्य जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी।

### चाकू दिखाकर धमकाया दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नेवई पुलिस ने धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेवई पुलिस को सूचना मिली थी कि बैकुंठ धाम नेवई के पास सार्वजनिक कुछ लोग चाकू लेकर लोगों को डरा व धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलते ही नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में स्टेशन मरोदा निवासी केवल दास मानिकपुरी उर्फ भोला, नेवई डैम के पास एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी श्रवण गंगराई का नाम शामिल है। युवकों से धारदार चाकू जब्त किया गया है।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 लाख की ठगी

**भिलाई।** मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अंजोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजोरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख ने शिकायत किया कि भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख दोनों सरकारी क्वार्टर वेटनरी कालेज अंजोरा और राजनांदगांव अरुण मेश्राम के द्वारा मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपये लिया था। उन्होंने दावा किया था कि उनकी मंत्रालय में अच्छी जान पहचान है और वो चपरासी की पोस्ट पर नौकरी लगवा सकता है। उसने कहा कि उन्हें 40 रुपए वेतन मिलेगा। संतराम आरोपियों के झांसे में आ गया और साल 2022 में अपने दमाद और बेटे की नौकरी लगाने के लिए आरोपियों को 5 लाख रुपए दे दिया। नौकरी नहीं लगने पर 25 मई 2022 को भीषम लाल अमृत, दामाद ज्ञानी देशमुख के साथ अंजोरा स्थित क्वार्टर पीड़ित पहुंचा।

# तांदुला बांध छलका, बड़ी संख्या में पहुंच रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी आखिरकार तीन सालों के लंबे इंतजार के बाद छलक ही गई, जिसे देखने के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

जिले के लोगों की आंखे तांदुला जलाशय को छलकते हुए देखने के लिए तरस गई थी, जिले का हर व्यक्ति चाहता था कि तांदुला को वह छलकते हुए निहार सके जिसके तीन साल के लंबे इंतजार के बाद जिलेवासियों को यह सुखद पल आखिरकार नसीब हो ही गया। जहां जिले के



तांदुला नदी के छलकने के बाद तांदुला में चारों ओर समुद्र के जैसा विहंगम दृश्य बन गया हैं, चारों ओर तांदुला लबालब भरी हैं तथा तांदुला के कई हिस्से में कई पेड़ पौधे पानी में डूबे दिख रहे हैं और पानी से पेड़ों के टहनीया डूब गई हैं, जिसमें सिर्फ हरे हरे पत्ते दिखाई दे रहे हैं, प्राकृतिक छटा को बिखेर रही हैं। वहीं तांदुला के छलकने की खबर पाते ही सोशल मीडिया में सक्रिय युवक युवतियां व फोटोग्राफर बड़ी संख्या में पहुंचकर तांदुला के छलकने का अलग-अलग तरीके से रील और वीड़ियो बनाते दिख रहे है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।



**योजना**

**जिपं अध्यक्ष ने तीर्थयात्रियों की बस को दिखाई हरी झुड़ी और किया राजनांदगांव के लिए रवाना**

# 77 श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने अयोध्या रवाना





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्याधाम योजना के तहत बुधवार को बालोद से तीर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। बालोद की जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने प्रातः 7 बजे तीर्थयात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाई।

77 श्रद्धालुओं के दल ने अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया, जहां तीर्थ यात्री भगवान श्री रामलला के दर्शन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत



अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने यात्रियों को तिलक लगाकर शुभकामनाओं के साथ उनसे चर्चा की। तीर्थ यात्रियों को रवाना करते हुए उन्होंने कहा कि 500 वर्षों से देश के लोगों को राम मंदिर बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

इसके बाद श्री रामलला अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुए। मंदिर बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के सुशासन में श्री रामलला दर्शन करने के लिए राज्य के इच्छुक श्रद्धालुओं को रामलला दर्शन योजना का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है, इसलिए छत्तीसगढ़वासियों की अपार श्रद्धा और स्नेह प्रभु श्रीराम के प्रति है। साथ ही ननिहाल पक्ष का अपने भांजे के प्रति विशेष अधिकार भी बनता है। छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कदम उठाया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ▸▸| शेष पेज 13 पर

### योजनाओं का लाभ दिलाने सतत प्रयासरत

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ही सक्रिय दिखी। जिले में प्रायः देखने मे आया है कि बहुसंख्यक कार्यक्रमो मे तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ही सक्रियता से सहभागी रही है। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर जब से जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं है, तब से हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाने सतत प्रयासरत हैं। इसी अनुक्रम में श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए रवाना करने के दौरान भी प्रातः 7 बजे से ही वे 40 किलोमीटर दूर से श्रद्धालुओं से मिलने पहुंच गई। उनके द्वारा शासन की सभी संचालित योजनाओं की समयबद्ध समीक्षा भी लगातार की जा रही है जिससे काई पात्र हितग्राही शासन की योजना से वंचित न रहे।

# सांकरा में शराब और गांजे की अवैध बिक्री ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम सांकरा के ग्रामीणों ने ग्राम में अवैंध शराब बिक्री के साथ गांजा की खुलेआम बिक्री पर कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण सेवाराम साहू, दिलीप साहू, विजय बघेल व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में लगातार अवैध शराब व गांजा की बिक्री होने से ग्राम का माहौल लगातार खराब होते जा रहा है, जिसके कारण ग्राम में महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में अवैध शराब व गांजा बिक्री के कारण न सिर्फ बुजुर्ग प्रभावित हैं बल्कि युवा व नौजवान के साथ नाबालिग भी नशे के शिकार होते जा रहे हैं, जिससे आने वाले भविष्य अंधकारमय होते जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम के चौक चौराहों से लेकर स्कूलों तक को इससे अछूता नहीं रखा जा रहा हैं और अवैध शराब बिक्री खुलेआम होने के कारण शराबी चौक चौराहों में खुलेआम बैठकर तो पी ही रहे हैं, स्कूल बंद होने के बाद शराबी स्कूल के मैदानों में पहुंचकर शराब सेवन करते दिख रहे हैं, जिसके कारण सुबह स्कूल पहुंचने वाले व मैदान में खेलने वाले बच्चों को क्षति पहुंचने की आशंका बनी रहती है। ग्राम की महिलाओं ने आरोप लगाया कि ग्राम में अवैध शराब बिक्री होने के कारण परिवारिक लड़ाई झगड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिसका शिकार महिलाएं व बच्चे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि अवैध शराब व गांजा बिक्री करने वालों पर रोक लगाई जाए, ताकि गांव में शांति का माहौल बन सके।

# टहल रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के लाटाबोड़ में मंगलवार 2 सितंबर को खाना खाने के बाद टहल रही महिला को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

यह घटना लाटाबोड़ की है। मृतक महिला की पहचान तीज बाई साहू 62 के रूप में हुई है, जो इसी गांव की निवासी थीं। मृतक के भतीजा दुष्यंत कुमार साहू ने बताया कि उन्हें पड़ोस में रहने वाले मधु साहू ने फोन पर हादसे की सूचना दी। मधु साहू ने बताया कि तीज बाई अपने घर के सामने मेन रोड पर टहल रही थीं, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें लापरवाही से टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद, सिर में गंभीर चोट लगने से तीज बाई खून से लथपथ हो गईं। सूचना मिलने पर दुष्यंत कुमार साहू तुरंत लाटाबोड पहुंचे और नारायण साहू, घुरऊ राम साहू और बली राम साहू की मदद से उन्हें एक निजी वाहन से बालोद के जिला अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने इस मामले में मृतक के भतीजे की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 184 एलके, 106(1) और 281 बीएनएस के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब वाहन की तलाश कर रही है।

# गणेश चतुर्थी पर झांकी की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम चारभाटा में गणेश चतुर्थी पर्व पर श्री दाई के दुलरुवा नवरत्न जस झांकी परिवार की प्रस्तुति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं। अध्यक्षता सरपंच चारभाटा रोहित केकती ने किया।

विशेष अतिथि सरपंच संघ अध्यक्ष गुण्डरदेही लेखराम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत चारभाठा नीता रोहित गंगबेर, डॉ आसिष साहू, छात्र संघ अध्यक्ष गुण्डरदेही नीतीश राजा रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तारणी चंद्राकर ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि के देवता, बाधाओं को दूर करने वाले (विघ्नहर्ता) और सभी कार्यों में प्रथम पूजनीय हैं। गणेश भगवान हमें धैर्य, बुद्धिमत्ता और




विनम्रता सिखाते हैं। विशेष अतिथि नीता साहू ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश हमें बड़ों का आदर करना, प्रेम और दया से पेश आना सिखाते हैं। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेतराम साहू, कल्याण साहू, डोमार सिंह साहू, गोपीराम साहू, डॉ. केके देशमुख, महिला कमांडो चारभाठा उपस्थित थे। सभी ने झांकी का आनंद लिया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता देवा श्री गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी चारभाठा उपस्थित थे।

# सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी, पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ घर में ताला लगाकर दवाई लेने गई थी महिला

घर में ताला लगाकर दवाई लेने गए पति पत्नी जब घर वापस आए तो किसी अज्ञात चोर द्वारा घर से 65,000 रूपये के करीब सोने चांदी व नकदी की चोरी कर ली थी। जिसके बाद पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। जिसमे पुलिस द्वारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम अर्जुनी निवासी लेखनी बाई ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में स्वीपर की नौकरी करती हूं, 2 सितंबर को सुबह करीबन 11.30 बजे मैं अपने पति फत्तेलाल राव के साथ घर में ताला लगाकर पति की बी0पी0 शुगर की दवाई खरीदने के लिये गुण्डरदेही गई थी। दवाई खरीदकर दोपहर घर ग्राम अर्जुनी वापस आकर देखे तो घर का मेन दरवाजा तथा बेडरूम के दरवाजा खुला हुआ व संकल तथा लगे ताला टुटा हुआ था, अंदर देखे तो बेड रूम में आलमारी के शटर लाकर टुटा हुआ, व समान बिखरा हुआ था।

लाकर को चेक किया तो आलमारी के लाकर में रखे 02 नग सोने का टॉप्स, 02 नग सोने का पत्ती, 02 नग सोने का फूल्ली वजनी करीब डेढ तोला, 01 नग चांदी का करधन, 02 नग पायल, 02 नग बिछिया वजनी 12 तोला को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है।

**अभियान में जिले के 186 आदिवासी गावों को किया गया शामिल**

# आदि कर्मयोगी अभियान में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाकुरभाट में स्थित जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में आदि कर्मयोगी अभियान रेस्पोंसिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत 3 से 5 सितबर तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अपर कलेक्टर एवं आदि कर्मयोगी अभियान के नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर, ट्रायफेड के सहायक संचालक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के 186 आदिवासी बहुल ग्रामों में जनजातीय वर्ग के लोगों के कल्याण एवं विकास से जुड़े प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा




रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत जनजातीय वर्गों के विकास एवं कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं का ग्राम स्तर तक सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलस्टर स्तर के सभी प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक जानकारियां दी जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को भारत सरकार के द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित कुल 186 गांवों आदिवासी बहुल गांवों में जनजातीय वर्ग के कल्याण से जुड़े योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुल ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने तथा जनजातीय वर्गों के कल्याण से जुड़े प्रमुख योजनाओं तथा सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के चयनित सभी 186 गांवों में निवासरत आदिवासी वर्ग के लोगों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित कराने को कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा ने आदि कर्मयोगी अभियान के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर ने कहा कि इस कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर चयनित कैडर एवं वालंटियर्स द्वारा अपने गांव के विकास हेतु योजना का निर्माण किया जाना है। जो कि आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर जिले के चयनित आदिवासी गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

# रूक-रूक कर हो रही बारिश फसलों के लिए अमृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

लगभग माहभर से अंचल में हो रही रुक-रुक कर बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने से धान की फसल के लिए अनुकूल परिस्थिति निर्मित हो गई है। लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता को दूर कर दी है, क्योंकि कुछ समय पहले तक मौसम में अनिश्चितता और कम वर्षा से किसान परेशान थे।

अब अच्छी बारिश ने उनकी उम्मीदों को मजबूती दी है। किसानों का कहना है कि, यदि इसी प्रकार मौसम रहा तो इस वर्ष धान का उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में कहीं बेहतर होगा। पानी का भराव खेतों में पर्याप्त मात्रा में है, जिससे धान की रोपाई के बाद फसल की बढ़वार तेज़ी से हो रही है। खेतों में चारों ओर हरियाली की चादर बिछ गई है और किसान सुबह-शाम अपने खेतों में जाकर फसल की देखभाल कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि रुक-रुक कर हो रही बारिश धान की फसल के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। लगातार तेज बारिश से जहां खेतों में जलभराव और फसल खराब होने का खतरा रहता है, वहीं बीच-बीच में रुक-रुक कर हो रही वर्षा से खेतों में पानी का संतुलन बना हुआ है। यही कारण है कि धान की फसल मजबूत और स्वस्थ दिखाई दे रही है। इस समय अंचल के किसान खाद-उर्वरक डालने और निराई-गुड़ाई के कार्य में जुटे हैं। खेतों में पर्याप्त नमी होने के कारण श्रमिकों को भी काम करने में आसानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही खेतों की ओर किसानों की चहल-पहल देखी जा सकती है। महिलाएं और पुरुष भी खेतों के कार्यों में हाथ बंटा रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम ने साथ दिया है। पिछले कुछ वर्षों से कभी अल्पवृष्टि तो कभी अतिवृष्टि की स्थिति ने खेती-किसानी को नुकसान पहुंचाया था, लेकिन इस बार अब तक का मौसम पूरी तरह अनुकूल है।

■ किसानों का अनुमान, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक होगी फसल

किसान रामलाल साहू ने बताया कि धान की फसल अच्छी स्थिति में है और यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो पैदावार भरपूर होगी। वहीं, किसान ललिता बाई ने कहा कि बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे उन्हें अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ रही। गांवों में किसानों के बीच चर्चा का विषय यही है कि इस बार फसल बेहतर होगी। हालांकि, किसानों की यह भी चिंता बनी हुई है कि कहीं अधिक बारिश से फसल को नुकसान न हो जाए। इसलिए वे मौसम की हर गतिविधि पर नज़र बनाए हुए हैं। फिलहाल ▸▸| शेष पेज 13 पर

# भिलाई के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित, अस्थाई कुंड निर्माण शुरू


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम ने शहर के 17 तालाबों में प्रतिमा विसर्जन पर रोक लगाई है। तालाबों के पास ही प्रतिमा विसर्जन के लिए एक अलग से कुंड बनाए जा रहे हैं जहां पर लोग भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित कर सकेंगे। एनजीटी के निर्देश का पालन करते हुए निगम ने तालाबों को प्रदूषणमुक्त रखने के लिए यह पहल की है।

## एनजीटी के निर्देश के तहत तालाबों को प्रदूषणमुक्त रखने की पहल

### इन तालाबों पर प्रतिमा विसर्जन पर रोक

आयुक्त राजीव पांडेय ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि तालाबों के गेट पर मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित है, प्रतिबंध के संबंध में बैनर पोस्टर लगाया जाए। जोन 1 अंतर्गत आला बंध तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब एवं भेलवा तालाब, जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 शीतला तालाब, ढौर तालाब, बड़ा तालाब, घासीदास नगर तालाब एवं वार्ड 16 शीतला तालाब, जोन 03 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर 2 तालाब एवं वार्ड 32 बैकुण्ठधाम तालाब, जोन 04 अंतर्गत वार्ड 50 बाबा बालक नाथ सरोवर, वार्ड 43 बापू नगर तालाब एवं वार्ड 41 लक्ष्मण नगर तालाब, जोन 05 अंतर्गत वार्ड 69 मानव परिसर तालाब एवं वार्ड 66 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब में मूर्ति विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित तालाबों को छोड़कर मूर्ति विसर्जन के लिए अलग से कुण्ड बनाया जाएगा। श्रद्धालु निगम द्वारा बनाए गए कुण्ड में ही मूर्ति विसर्जित करें और पूजा सामग्री तालाब में न डालें।




### पूजा सामग्री भी तालाब में न डालें

त्यौहारी सीजन लग चुका है। भिलाई शहर के मुख्य चौंक-चौराहों, गली-मोहल्लो में भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। अक्सर देखा जाता है कि लोग तालाबों में भगवान की मूर्ति विसर्जित करने के साथ पूजा सामग्रीयों को तालाब में डाल देते है, जिसके कारण तालाब का पानी गंदा होने के साथ कचरा पानी के उपर बहकर किनारे पर आ जाता है। निगम आयुक्त ने पूजा सामग्री भी तालाब में न डालने की अपील लोगों से की है।

### प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम तालाब एवं कुरूद बस्ती के नाला की साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो, उद्यानों, तालाबों, सुलभ शौचालयों, बाजारों एवं अन्य जगहों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार निगम का अमला अपने-अपने क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मुख्य मार्ग, मोहल्लो, उद्यानों में प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। तालाबों में उगे जलकुम्भी की सफाई भी मशीनों एवं सफाई गैंग लगाकर कराया जा रहा है।

## कुंड में ही करें प्रतिमा विसर्जित विधायक रिकेश ने की अपील



भिलाई। अनंत चतुर्दशी का दिन सनातन धर्म में बहुत खास माना गया है। इसी दिन दिगंबर जैन धर्मावलंबियों का पर्यूषण पर्व समाप्त होता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र की सभी बड़ी छोटी पूजा समितियों से अपील की है कि अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर के दिन ही गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन करें। उन्होंने कहा कि घर में विराजी छोटी मूर्तियों को नदी/तालाब ले जाने की बजाय अस्थायी पांड/कुंड में विसर्जित किया जाए। साथ ही पूजा सामग्री जैसे-फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएं मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर इसका अपवहन उचित तरीके से करें, जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सके। इससे एनजीटी की गाइडलाइन का पालन हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को करें हासिल

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग द्वारा संविदा श्रमिकों और उनके परिवारों को कार्यस्थल सुरक्षा यात्रा से जोड़ने के उद्देश्य से घर से घर तक नामक सुरक्षा संवाद श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एचआरडीसी भूतल सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरएम के100 ठेका श्रमिक अपने परिजनों सहित शामिल हुए। मुख्य अतिथि व विभागाध्यक्ष व सीजीएम योगेश शास्त्री थे। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें परिवारजनों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। लापरवाहियों से हुई दुर्घटनाओं को मिलकर रोकना होगा। यदि हम सभी एकजुट होकर प्रयास करें तो शून्य दुर्घटना' का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती एवं महाप्रबंधक समीर पाण्डेय, महाप्रबंधक आशीष तथा महाप्रबंधक शिखर तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शशांक शर्मा ने सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का संचालन किया। प्रश्नोत्तरी में विजेता रहीं ज्योति मिश्रा, रेणु, किरण, शीबा व अलीमा बेगम तथा बच्चों ईशान, धैर्य, पल्लवी और आयन को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सोनी ने किया।

## असर : 805 एनएचएम कर्मी पिछले 15 दिनों से हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# टीबी और एआईवी की नहीं मिल रही दवाएं अनट्रेंड नर्सिंग छात्राएं निकाल रही हैं ब्लड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित सरकारी अस्पतालों में एनएचएम कर्मियों का पिछले 15 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है। हड़ताल की वजह से अब स्वास्थ्य सेवाएं चरमराने लगी है। हाल यह है कि टीबी और एचआईवी के मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही। पोषण पुनर्वास केंद्र बंद हो गया है। अप्रिशिक्षत नर्सिंग छात्राएं मरीजों का ब्लड सेंपल ले रही है। जिले में नेत्रदान महादान पखवाड़ा और शिशु संरक्षण माह चल रहा है। यह भी कार्यक्रम प्रभावित रहा। इसलिए कि टीकाकरण का काम करने वाले सर्वाधिक स्टॉफ एनएचएम कर्मी हैं।

### पोषण पुनर्वास केंद्र में लटका है ताला




### नर्सिंग छात्राओं के भरोसे ब्लड सेंपल

जिला अस्पताल में नर्सिंग छात्राओं के भरोसे ब्लड सैंपल का काम चल रहा है। मरीजों ने बताया कि इन छात्राओं को अनुभव नहीं है। एक व्यक्ति का ब्लड निकालने में ही उनके पसीने छूट जाते हैं। एक बार नहीं कई बार ट्राई करने के बाद बमुश्किल से हाथों की नस ढूढ़ पाती है। जिससे मरीजों को काफी दर्द झेलना पड़ता है। एक छात्राएं नहीं कर पाती तो दूसरी छात्राएं कोशिश करती है। इस तरह मरीजों पर प्रयोग हो रहे हैं। इस विभाग में आधा दर्जन एनएचएम हैं जो इस कार्य को पहले करती थी

### इन उदाहरणों से समझिए स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

**केस 1**



जिला अस्पताल में शक्तिनगर निवासी मीरा निषाद मंगलवार को टीबी की दवाई के लिए आई। वे बताती हैं कि तीन महीने से टीबी की दवाई चल रही है। दवाई खत्म हो गई है। दूसरी बार यहां आई है लेकिन हड़ताल की वजह से टीबी की दवाई नहीं मिल रही है। आज भी बिना दवा के जाना पड़ रहा है।

**केस 2**



जिला अस्पताल में मंचादुर निवासी नंदिनी सेन अपने पति राकेश सेन मंगलवार को पहुंची थी। मरीज राकेश बताते हैं कि पेट में पानी भर गया था। आपरेशन करके पेट से पानी निकाला गया था। दवाई खत्म हो गई है। कक्ष क्रमांक 11 में जांच के लिए आए थे। यहां कोई नहीं है। इतनी दूर से आकर बिना इलाज के लौटेंगे।

**केस 3**

जिला पोषण पुर्नवास केंद्र में ताला लटका मिला। मरीज गैंदबाई ने बताया कि वह रानीतराई गांव से आई है। उनके बच्चे का कुपोषण का इलाज चल रहा है। यहां आने पर केंद्र में ताला लगा है। महिला स्वास्थ्य कर्मी बच्चे की जांच करते थे वे भी नहीं हैं। हड़ताल पर चले जाने की जानकारी यहां का स्टॉफ दे रहा है।

### हमर क्लीनिक हैं बंद

दुर्ग, भिलाई, फरीदनगर, पोटियाकला, राजीवनगर आदि के हमर क्लीनिक बंद हो गए हैं। इन क्लीनिकों में एनएचएम कर्मी अपनी सेवाएं देते थे। यहां गर्भवती महिलाएं जांच के लिए आती थी। बच्चों की भी जांच होती। इसके अलावा सीजनल बीमारियों की दवा के लिए भी लोग आते हैं।

### सिविल अस्पताल सुपेला में टीबी यूनिट बंद

सिविल अस्पताल सुपेला में टीबी यूनिट बंद मिला। यहां काउंसलिंग काउंटर में बैठी स्टॉफ ने बताया कि टीबी यूनिट इसलिए बंद हैं कि एनएचएम कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। टीबी की दवा वितरण की वैकल्पिक इंतजाम किया गया है। वहां से दवा ले सकते हैं।

**एक्सपर्ट व्यू**

### ड्रग रजिस्ट्रेंस डेवलप होगा दवा नहीं होगी कारगर



टीबी, एचआईवी के मरीजों के लिए नियत समय पर दवाएं मिलनी चाहिए। नहीं तो ड्रग रजिस्ट्रेंस का खतरा बढ़ जाता है। जिससे दवाएं बाद में काम नहीं कर पाती। ऐसे मरीजों से दूसरों में टीबी फैलने का जोखिम बढ़ेगा। कुपोषित बच्चों का समय पर पोषण आहार नहीं मिला तो वे जल्दी सुपोषित नहीं हो पाएंगे। बच्चों को बूस्टर नहीं लगा तो बीमारी से लड़ने की क्षमता प्रभावित होगी। स्वास्थ्य चूंकि मूलभूत सेवाओं में से हैं इसलिए सरकार को ऐसी इमरजेंसी में सेकंड लाइन तैयार कर रखने की जरूरत है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हो।

डॉ. अनिल अग्रवाल, सेवानिवृत्त मेडिकल आफिसर

### वैकल्पिक व्यवस्था पर चल रहे

एनएचएम कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से स्टॉफ में कमी आई है। इसलिए स्वास्थ्य सेवाएं कहीं कहीं प्रभावित हो रही हे। वैकल्पिक इंतजाम के तहत उनकी जगह रेगुलर स्टॉफ काम कर रहे हैं। टीकाकरण पूरी तरह चल रहा है। टीबी दवा वितरण व जांच की व्यवस्था भी दी है।

डॉ. एके मिंज,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## व्याख्याताओं, प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति और पदस्थापना आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए। यह आदेश स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर जारी किया गया है।

काउंसिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापना की स्थिति इस प्रकार रही - कुल 1335 पदोन्नत प्राचार्यों में से 1222 ने संस्था चयन कर पदस्थापना सुनिश्चित की। शेष 113 में से 20 पदोन्नत प्राचार्य काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे, 20 ने पदोन्नति लेने से इंकार किया, 02 ने विद्यालय चयन से इंकार किया तथा 91 सेवानिवृत्त, मृत, निलंबित एवं अन्य श्रेणी में रहे। इस प्रकार कुल 1222 व्याख्याताओं, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठकों को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।

इस पद स्थापना में पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया गया। साय सरकार जीरो टॉलरेंस के लिए कटिबद्ध है। पात्र कर्मचारियों ने काउंसलिंग स्थल पर अपने स्थान का स्वयं चयन किया एवं चयन उपरांत उक्त स्थान पर अपनी पद स्थापना की सहमति प्रदान की।

## स्टॉप डैम वाली शासकीय भूमि पर अवैध पट्टा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 20 में स्टॉप डैम वाली शासकीय भूमि पर अवैध पट्टा निरस्त कर दिया गया। अब यहां तालाब का निर्माण करने का रास्ता साफ हो गया है। इसे लेकर पा,र्द समेत

■ संभागायुक्त के न्यायालय ने लिया बड़ा फैसला



वार्ड के लोगों ने संभागीय आयुक्त के पास शिकायत किया था। पत्रकारवार्त में पार्षद अपर्णा दास ने बताया कि वार्ड 20 पश्चिम में वर्ष 2022 से शासकीय भूमि खसरा नंबर 324/2 (पूर्व स्टॉप डैम क्षेत्र) पर तालाब निर्माण की मांग की जा रही थी। उस पर नियम विरुद्ध दिए गए पट्टे को संभागायुक्त न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2025 को निरस्त कर दिया है। यह फैसला वार्डवासियों की ओर से न्यायालय में आवेदन पेश किया गया था। उसमें कहा गया था कि उक्त शासकीय भूमि जहां पहले स्टॉप डैम था, वहां पर पुनः तालाब निर्माण की मांग वर्ष 2022 से लगातार की जा रही थी। गर्मियों में पानी की बढ़ती किल्लत और भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए यह मांग जनहित में उठाई गई थी। 4 अप्रैल को वार्डवासियों को जानकारी मिली कि उक्त भूमि में से लगभग 3300 वर्गफुट का पट्टा कुट रचना कर नियमों के विरुद्ध संस्था को आवंटित कर दिया गया है। जबकि शुरुआती मांग किसी अन्य संस्था द्वारा की गई थी। पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के नेतृत्व में यह मुद्दा संभागायुक्त न्यायालय में उठाया गया। जिसके बाद सभी पक्षों को सुनने के उपरांत यह निर्णय फैसला दिया गया। इस दौरान विदेश राम पटेल, समीर चंद्रा, मोंटू विश्वास, रमेश चंद्र पांडे, डी.नारायण रेड्डी, दिलीप साहू, राजू सिन्हा, डी. राज शेखर रेड्डी, विश्वनाथ सिन्हा, सौमेंद्र मजूमदार, नामदेव, एम रघुनाथ राव, सुब्रतो दास गुप्ता मौजूद थे।

### तालाब का निर्माण जल्द करे

पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के मुताबिक फैसला वार्डवासियों के हक में आया है। पानी की समस्या को देखते हुए तालाब निर्माण अब आवश्यक है। यह भूमि अब फिर से उसी उद्देश्य के लिए उपयोग की जानी चाहिए। जिसके लिए यह पहले निर्धारित थी। निगम प्रशासन, जिला कलेक्टर, विधायक, सांसद और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि तालाब निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। जमीन के लिए मांग करने वाली संस्था अलग थी, जबकि आवंटन दूसरी संस्था के नाम पर किया गया। आवंटित संस्था ने तीन वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया। खसरा विवरण अस्पष्ट था, न ही प्रकाशन में उचित उल्लेख किया गया। पूरे आवंटन में विधि और नियमों की अनदेखी की गई। इस कारण फैसला वार्ड के लोगों के पक्ष में रहा।

## मेडिकल टेक्नीशियन विभाग के संयोजक मनोज और उपसंयोजक नाग बने



भिलाई। सीटू के मेडिकल जोन के मेडिकल टेक्नोलजिस्ट का सम्मेलन संपन्न हुआ। अध्यक्षता अजय कुमार आर्या ने की। मेडिकल टेक्नीशियन विभाग में यूनियन के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुति व चर्चा बाद रिपोर्ट को पारित किया गया । सम्मेलन में यूनियन के उपाध्यक्ष संतोष कुमार प्रुस्टी व मेडिकल जोन के सचिव संतोष कुमार भी उपस्थित थे। सम्मेलन में 5 सदस्यीय विभागीय समति चुनी गई। इसमें मनोज कुमार साह, केदारनाथ नाग, अजय आर्या, प्रकाश बोरकुटे, जितेंद्र कुमार, कौसर खान, अमित प्रकाश हैं। सम्मेलन अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रस्तावित समिति पर राय के बाद सर्वसम्मति से विभागीय समिति चुनी गई। समिति के संयोजक मनोज कुमार साह व उपसंयोजक केदारनाथ नाग चुने गए।

## 12500 पौधे की देखभाल करेगा महिला समूह, दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ वृक्षारोपण के लिए महिला स्व-सहायता समूहों को दिया प्रशिक्षण

केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 पहल के तहत वूमन फार ट्री योजना अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र की स्थानीय महिला स्व. सहायता समूहों के माध्यम से 12500 पौधो का रोपण कर रखरखाव कराए जाने के निर्देश प्राप्त हैं। नगर निगम भिलाई में 40 उद्यानों में वृक्षारोपण कराने निविदा आमंत्रित किया गया था। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। वर्तमान में 60 प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 40 प्रतिशत वृक्षारोपण विधिवत कराने निगम सभागार में सभी महिला स्व-सहायता को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। जिसमें समूह की महिलाओं को पौधो की प्रजाति, पौधो की दूरी, पानी, खाद, निंदाई-गुढाई एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रकार के समस्याओं से अवगत हुए और उसका निराकरण किया गया। आयुक्त से चर्चा कर बेहतर करने कार्य करने सलाह लिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वेशराम आदि मौजूद रहे।

## 2344 अफसर चुनेंगे अपने भाग्यविधाता

# बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के संगठन आफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए चुनावी और सियासी सरगरमी शुरु हो गई है। नई कार्यकारिणी का चुनाव 19 सितंबर को होना है। इसके लिए कल बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है । इस बार ओए के सदस्यों की निगाहें अध्यक्ष पद पर टिकी हुई हैं। सबकी दिलचस्पी इसमें है कि क्या चार बार अध्यक्ष रह चुके एनके बंछोर क्या रिकार्ड पांचवीं दफा चुनाव लड़ेंगे या फिर इस पद पर कोई नया चेहरा सामने आएगा। अध्यक्ष के साथ महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव भी सीधे सदस्यों द्वारा होने से इन दोनों पदों के लिए प्रत्याशियों की तलाश शुरु हो गई है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सेल की सबसे बड़ी यूनिट होने के कारण यहां आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव पर पूरे सेल के साथ सेफी की नजर भी टिकी होती है। इसे देखते हुए



इस चुनाव में भी दावेदारों के साथ आम सदस्यों में इस चुनाव को लेकर भी उत्साह दिख रहा है। कल तीन सितंबर से नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरु हो रही है और वर्क्स व नान वर्क्स में पिछली उपलब्धियों को देखते हुए निवृत्तमान अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर सहित महासचिव परविंदर सिंह व कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा को फिर से मौका दें या लंबित मुद्दों को लेकर इनकी जगह नए चेहरे लाए लाएं, इसे लेकर सदस्यों में अनौपचारिक ओपिनियन व मंथन शुरु हो गया है। बीएसपी व टाउनशिप के दफ्तरों में चुनाव को लेकर अधिकारियों में उत्साह है।

### मात्र 11 दिन मिलेंगे प्रचार के लिए

ओए चुनाव में इस बार 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए 2344 बीएसपी अधिकारी सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। इसमें अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव सदस्य सीधे चुनेंगे जबकि दो उपाध्यक्ष 2 सचिव और एक सेफी नामिनी का चुनाव निर्वाचित 46 जेडल प्रतिनिधि करेंगे। लिहाजा जेडल प्रतिनिधियों के पदों के लिए भी प्रमुख पदों के दावेदारों व रणनीतिकारों ने अपने पक्ष में सियासी उठा-पटक शुरु कर दी है। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 6 सितंबर है और वापसी 8 सितंबर तक है। स्कूटनी के बाद शाम 8 बजे तक प्रत्याशियों की सूची ओए आफिस प्रगति भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। इस बार प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मात्र 11 दिन ही मिलेंगे। 19 को मतदान व रात भिलाई क्लब में काउंटिंग बाद अलसुबह परिणाम के आसार हैं। चुनाव अधिकारी बीएसपी के जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा व संदीप झा हैं।

### अब तक यह रहे अध्यक्ष व महासचिव

वर्ष 2001 से अब तक हुए दस चुनाव में सर्वाधिक चार दफा अध्यक्ष पद पर तुलाराम यादव व एनके बंछोर रह चुके हैं। यादव 1 व बंछोर 2 मर्तबा सेफी नामिनी भी रह चुके हैं। वर्ष 2001 से 03 तक अध्यक्ष लखनलाल, महासचिव आलोक झा व कोषाध्यक्ष श्रीकांत तामनकर, 03 से 05 में अध्यक्ष टीआर यादव, महा. पीसी नाहटा, कोष. डीएन करण और 05 से 07 तक अध्यक्ष टीआर यादव, महा. आलोक झा, कोष. एके पांडे रहे। 07 से 09 में अध्यक्ष टीआर, महा. आलोक झा व कोष. एके पांडे, 09 -11 में अध्यक्ष पीसी नाहटा, महा. केडी प्रसाद, कोष. आरपी भोई, 011-13 में अध्यक्ष टीआर, महा. एनके बंछोर, कोष. आरसी भोई, 013-15 में अध्यक्ष केडी प्रसाद महा. केके यादव व कोष. एके पांडे, 015-17 में अध्यक्ष एनके बंछोर,महा. शाहिद अहमद, कोष. अंकुर मिश्रा, 017 -21 में अध्यक्ष एनके बंछोर, महा. शाहिद अहमद, कोष. अंकुर मिश्रा, और वर्ष 2023 से 25 में अध्यक्ष एनके बंछोर महा. शाहिद अहमद व कोष, अंकुर मिश्रा रहे।

## हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने पौधा देकर किया सम्मान



भिलाई। हर आंगन एक पेड़ अभियान के तहत आर्टकॉम अपने कला और संस्कृति के क्षेत्र के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए हर रविवार को पौधों रोपण कर वितरण कार्य रही है। संस्था के सदस्यों द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए गदा चौक सुपेला में पौधा वितरण कर पौधे को अपने आंगन में लगाकर पेड़ होते तक जतन करने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पौधे पाकर बच्चों से लेकर बड़ों तक के चेहरे खिल उठे। लोगो ने कहा कि खासकर वैशाली नगर क्षेत्र में घरों के मकड़ जाल को देखते हुए उससे ज्यादा संख्या में अपने-अपने कालोनियों, वार्ड, स्ट्रीट, गलियों, दुकानों के सामने और पीछे आंगन में पौधे रोपने कि जरूरत है। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए यह बेहद जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान सदस्यों द्वारा हेलमेट पहनकर जाने वाले और यातायात नियमों का पालन करने वाले का पौधा देकर सम्मान भी किया गया। इस दौरान संस्था के प्रमुख संरक्षण करमजीत सिंह, अध्यक्ष गुरुनाम सिंह बिन्दर, संस्थापक निशु पांडे, शारदा गुप्ता, नीलकमल सोनी, बंटी नाहर, अमिताभ भट्टाचार्य, मेघा कौर, काजल साहा, सी पी सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे हुये रौशन



**दुर्ग।** जिले के नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे में प्रकाश की समुचित प्रबंध किये गये हैं। लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिकी) संभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता से मिली जानकारी अनुसार पाटन नगर के आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग तक प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त मार्ग में कुल 76 नग 9 मीटर आक्टैगनल पोल एवं 134 नग एलईडी लाईट लगाकर पाटन नगर के आत्मानंद चौक के अतंर्गत सीएसईबी ऑफिस के सामने से लेकर बाजार मार्ग से होते हुए खोरपा चौक तक प्रकाश व्यवस्था किया गया है। बाजार चौक में प्रकाश व्यवस्था हेतु शिफ्टिंग किये गये विद्युत पोल में एलईडी लाईट लगाकर प्रकाश का उचित व्यवस्था किया गया है। नगर के सभी स्ट्रीट लाईट सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग में किये गये विद्युतीकरण कार्य को विभाग द्वारा नगर पंचायत पाटन को हस्तांतरित कर दिया गया है।

### यूथ सिख सेवा समिति ने बच्चों का किया आर्थिक सहयोग

**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने 2 बच्चों को दिया छात्रवृत्ति यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा 2 बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई 1 बच्चा गुरुनानक स्कूल सेक्टर 6 मैं कक्षा 9 का छात्र है जिसके पिछले साल की फीस और इस साल की पूरी फीस 17723 रुपए का चेक बच्चे के घर वालों को दिया गया साथ ही एक बच्चा जो सरस्वती ज्ञान मंदिर कैंप 2 मैं 2 साल पहले 12वीं कक्षा पास कर लिया था बच्चे ने फीस नहीं भरने के कारण उसकी टीसी रोक दी गई थी। अभी कॉलेज मैं एडमिशन के लिए टीसी की जरूरत होने पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के छात्रवृत्ति फॉर्म के माध्यम से अध्यक्ष इंदरजीत सिंह से मदद मांगी गई थी जिसे आज 25000 का चेक दिया गया । आज के कार्यक्रम मैं अध्यक्ष इंदरजीत सिंह , महासचिव जसवंत सिंह सेनी , कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह सेनी , सचिव सोम सिंह , खेल खुद समिति से हरजिंदर सिंह और यश सिंह जी मौजूद थे।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर -6 में संस्कृत मित्र मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 390 विद्यार्थियों और 60 से अधिक शिक्षकों का सम्मान उत्कृष्टता के आधार पर किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग, मंडल की अध्यक्ष आभा चौरसिया और मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

## निधन

### खम्माबाई सांखला

**बालोद।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी दीपचंद सांखला की माता खम्माबाई सांखला 98 वर्ष का 3 सितंबर को प्रातः 11 बजे निधन हो गया। शाम 4 बजे उनकी अंतिम यात्र निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या मे उनके परिजन, सज्जन एवं सामाजिक बंधु शामिल हुए। वे चेंबर ऑफ कामर्स के जिला अध्यक्ष हरीश सांखला, मनोज सांखला एवं अजय सांखला की माता थी। वे अपना पीछे भरापुर परिवार छोड़ गई।



### फगनू राम साहू

**गुरूर।** ग्राम कंवर निवासी फगनू राम साहू का निधन बुधवार को हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रोहिणी बाई के पति, दानी राम साहू, जागेश्वर साहू एवं दानेश्वरी साहू की पिता थे।









## रजत महोत्सव पर हुई शालेय क्रीडा चयन स्पर्धा

**बालोद।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में जिला स्तरीय शालेय क्रीडा चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में अपने खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना स्थान आगामी प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित किया। डिप्टी कलेक्टर एव प्रभारी सहायक खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि स्टेडियम में दौड़, लंबी कूद, बाधा दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, ट्रिपल जंप सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष सहित तीन वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा विभाग के अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद थे।

### संधारण कार्य : शाम तक पहुंचेगा सभी इलाकों में पानी, देर रात तक चली मरम्मत

# राइजिंग पाइन लाइन की मरम्मत पूरी सुबह से होगी शहर में पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मालवीय नगर शक्ति नगर शंकर नगर सहित अन्य प्रमुख टंकियों को भरने वाली मुख्य पाइप लाइन जो कि बड़ी लिकेज होने के कारण पानी आपूर्ति में बाधक हो रही थी उनके सुधार करने मंगलवार नगर निगम के जल गृह विभाग द्वारा शट डाउन लेकर व्यापक तौर पर मरम्मत कार्य कराया गया। सोमवार देर रात चला। 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट के रॉ वाटर स्टोरेज संयत्र में भी जमे गाद व कचरे की भी सफाई किया गया साथ ही आज बोरसी टंकी में फूटे सप्लाई पाईप लाईन का भी सुधार कार्य किया गया।

मालवीय नगर में चल रहे मरम्मत कार्य व फिल्टर प्लांट में सफाई कार्य का निरीक्षण करने महापौर अल्का बाघमार स्वयं मौके पर पहुंची और अधिकारियो को शहर में पानी सप्लाई नार्मल करने हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए इस दौरान

जलगृह विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन,वित्त विभाग और प्रभारी नरेंद्र बंजारे,लोककर्म विभाग प्रभारी देवनारायण चंद्राकर,स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,पार्षद सावित्री दमाहे उप अभियंता विनोद मांझी,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

**मालवीय नगर नाले में हुए बड़ी पाइप लाइन लिकेज सुधार कार्य व फिल्टर प्लांट में किए जा रहे संयंत्र सफाई**





#### बारिश की वजह से हो रही संधारण कार्य में दिक्कत

बारिश के चलते यह कार्य नही हो पा रहा था और इस वजह से पानी की आपूर्ति में आए दिन शिकायत आ रही थी । मौसम अनुकूल होते ही पूरी तैयारी के साथ जल विभाग के जानकार कर्मचारियों द्वारा रिपेयर कार्य चलाया गया साथ ही रायपुर नाका स्थित प्लांट में नदी इंटकवेल से आने वाले रॉ वाटर गाद व कचरा जमा हो गया था उनका भी सफाई कराया गया इसके अलावा बोरसी टंकी के सप्लाई लाइन जो की प्रदिप्ति नगर में कई जगह लीकेज था उनका भी रिपयेर किया गया। महापौर बाघमार ने अधिकारियो को निर्देश दिया है की शहर के अन्य क्षेत्र में जहा पाईप लाईन लिकेज है उन सभी का प्राथमिकता से सुधार कार्य चलाकर सुचारू रूप से पानी सप्लाई किया जाए।

#### ये छह पानी टंकी से मिलेगा पेयजल

पिछले कुछ समय से मालवीय नगर शंकर नाला से होकर शक्ति नगर,हनुमान नगर शनिचरी बाजार,शंकर नगर गिरधारी नगर ट्रांसपोर्ट नगर जैसे कई बड़ी टंकीयो को भरने 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से 6 सौ एमएम डाया का मुख्य पाईप लाईन बिछी है । मालवीय नगर शंकर नाला में फूट गया था जिसके कारण उक्त टंकियों में क्षमता से तथा समय पर पानी नही भर पा रहा था इसका असर पदमनाभपुर जैसे अन्य टंकियों में भी पड़ता था।

### लमती स्कूल ने न्योता भोज में खीर पुरी बांटी



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला लमती के अध्यक्ष मुरीत राम ठाकुर के द्वारा अपनी धर्मपत्नी की स्मृति में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को दाल, सब्जी, पुरी, बड़ा, खीर परोस कर न्योता भोज कराया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### भारतीय किसान संघ ने बलराम जयंती मनाया



**बालोद/सिकोसा।** भारतीय किसान संघ ने भगवान बलराम जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम जी कि पूजा करने से और भारतीय किसान संघ नारे एवं ग्राम समीति गीत से हुआ, भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने भगवान बलराम जी के जयंती के बारे जानकारी दी और किसान संघ कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। मनहरण साहू ने जैविक खेती से लाभ और रसायनिक दवाई के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी, डॉ ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया, आभार प्रकट भुनेशवर साहू ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

### मानसगान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**अंडा।** जय बजरंग बाल गणेश उत्सव समिति धनोरा गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा मानसगान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुनने भक्तों की बड़ी संख्या में मौजूद रही। समिति के अध्यक्ष बलराम बबलू साहू ने बताया कि देवेन्द्र साहू, हीरामणी, अजय हिरवानी, भुपेंद्र साहू, लक्की पटेल, मुकुल पटेल, महेन्द्र पटेल, लालू चीन्टू साहू, तबला वादक भोलू साहू, दुरगेद साहू, लक्ष्मण साहू, सोमेश पटेल, बद्री प्रसाद स्प्रे आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर जागरुकता कार्यक्रम प्रारंभ

**दुर्ग।** छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग दुर्ग द्वारा 1 से 21 सितम्बर तक 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर विविध आयुर्वेदिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत भगवान श्रीधन्वंतरी की पूजा-अर्चना से की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पाम्पलेट वितरण कर आगामी 21 दिनों तक चलने वाले आयुर्वेद संबंधी आयोजनों की जानकारी दी गई। आज जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से आम जनता को आयुर्वेद के महत्व और उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया।

## राजहरा प्लांट व माइंस दफ्तर के गेट पर परिवहन संघ ने किया आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ की मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन सातवें दिन और तेज हो गया। शुक्रवार सुबह संघ के सैकड़ों सदस्य राजहरा प्लांट गेट और माइंस ऑफिस के दोनों गेट के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान तीनों गेटों पर सुबह 8 बजे से जबरदस्त नारेबाजी होती रही। गेट जाम होने से प्लांट और माइंस ऑफिस में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। धरना स्थल पर सीएसपी चित्रा वर्मा दल-बल के साथ पहुंचीं और परिवहन संघ के नेताओं से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कलेक्टर बालोद के निर्देश पर शुक्रवार को ही कलेक्टर कार्यालय में संघ और बीएसपी प्रबंधन के बीच बैठक आयोजित की जाएगी। इस समझाइश के बाद लगभग 11 बजे माइंस ऑफिस गेट का धरना स्थगित कर दिया गया, लेकिन आंदोलनकारी सदस्य राजहरा प्लांट गेट धरना स्थल पर डटे रहे। लगभग तीन घंटे तक प्लांट गेट पर नारेबाजी होती रही। इस दौरान बीएसपी के अधिकारी और कर्मचारी न तो अंदर जा पाए और न ही बाहर निकल सके। दोपहर करीब 2 बजे धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ और सभी आंदोलनकारी अनिश्चितकालीन धरना स्थल पंडाल की ओर लौट गए।

## महिला उद्यमियों को जोड़ने बेसलाइन स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला इनक्यूबेशन हब में एक दिवसीय बेसलाइन स्टडी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुर्ग प्रशासन, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज इनक्यूब फाउंडेशन तथा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन में स्थानीय महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 80 महिलाएँ की 8 स्व-सहायता समूहों तथा 12 व्यक्तिगत महिला उद्यमियों ने पूरे दिन गहन संवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं की वास्तविक चुनौतियों, जमीनी हकीकतों और उनके सामने आने वाली उद्यमशील कठिनाइयों को समझना तथा उन्हें अवसरों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करना था। दिनभर चलने वाले इस आयोजन को कई समाजसेवियों और प्रेरक हस्तियों की उपस्थिति ने और भी ऊर्जा प्रदान की। इनमें एडीके मेकर्स प्रा. लि. के संस्थापक एवं जिला इनक्यूबेशन हब के अग्रणी इनक्यूबी राहुल धिंगरा, गुरुग्राम की समाजसेवी रंजना यादव, दुर्ग की कंचन सिंह और आगा खान सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन अमीना हीरानी शामिल है।

## भगवान का प्रसाद मानकर करें भोजन : सांसद विजय



**दुर्ग।** श्री राधा कृष्ण मंदिर महेश कालोनी द्वारा संचालित शुद्ध भोजन श्री राम रसोई का नया केंद्र मंगलवार को सेक्टर-4 दुर्गा मंदिर परिसर, बोरिया गेट परिवार में सांसद विजय बघेल के द्वारा पूजा-अर्चना के साथ विधिवत उद्घाटित हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल के साथ चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार, रामफल शर्मा, ललित मेक्सरियार, राजू फोफलिया, मनोज बाघेला, बाबू जैन, श्याम तिवारी, शरद राठी, सुखदेव राठी, मनोज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। राम रसोई का विस्तार आयोजक चतुर्भुज राठी ने जानकारी दी कि राम रसोई की शुरुआत 15 जून से हुई थी। प्रारंभ में 6 केंद्रों से शुरू हुई यह सेवा अब 20 केंद्रों तक पहुँच चुकी है। इनमें 12 दुर्ग, 4 राजनांदगांव, 2 गुंडरदेही, 1 भिलाई पावर हाउस और आज उद्घाटित सेक्टर-4 केंद्र शामिल है। अब तक लगभग 8 लाख लोग राम रसोई से भोजन ग्रहण कर चुके हैं। प्रतिदिन औसतन 3500 लोगों का भोजन तैयार होता है।

**स्कूलों में हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महतारी सदन का निर्माण उपयुक्त स्थान पर हो**

# डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध कराएं : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संभागायुक्त एसएन राठौर ने मंगलवार को संभाग कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा यूरिया खाद की मांग को ध्यान में रखते हुए संभाग अंतर्गत जिलों के डबल लॉक में उपलब्ध यूरिया खाद सहकारी समितियों के माध्यम से मांग के आधार पर किसानों को वितरण कराई जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक कृषि को विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निजी उर्वरक दुकानों के सतत निरीक्षण कराने के निर्देश दिए।



साथ ही यूरिया खाद की बिक्री निर्धारित दर से अधिक ना हो इस पर विशेष ध्यान देने कहा। अनियमितता पाए जाने पर जब्त खाद को भी समय पर किसानों को वितरित कराया जाए। राठौर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण पश्चात स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था हो गई है। शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देवे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को गैर-शिक्षकीय कार्यों के लिए शिक्षकों का संलग्नीकरण अन्यंत्र कार्यालयों में नहीं करने के निर्देश दिए। शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री आदि न हो यह सुनिश्चित किया जाए। नव प्रवेशी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र समय पर बनाए जाए।

राठौर ने जेआरडी स्कूल के पास स्थित जिला ग्रंथालय में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देशित किया। उन्होंने आरईएस द्वारा ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे महतारी सदन की जानकारी लेते हुए कहा कि महतारी सदन का निर्माण उपर्युक्त स्थान पर हो, जहां गांव की महिलाएं आ-जा सके। राठौर ने अधीक्षण अभियंता जल संसाधन से संभाग के जलाशयों में जल भराव की स्थिति की जानकारी ली।

### राज्य के अधिकारियों ने 10 कृषि केंद्रों में दी दबिश

**दुर्ग।** खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा- उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उर्वरकों की सतत आपूर्ति के लिए जिले के विक्रय प्रतिष्ठानों का मंगलवार को राज्य स्तर से अपर संचालक कृषि आरके चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल, जिले के भ्रमण पर रहे। भ्रमण के दौरान जिले में पदस्थ समस्त उर्वरक निरीक्षकों को विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करने एवं अनियमितताएं पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## पेज 11 के शेष

### 77 श्रद्धालु रामलला ...

विकासखंड के तीर्थयात्री लाभान्वित हुए हैं। सालों प्रतीक्षा करने के बाद यह अवसर आया है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को श्री रामलला का दर्शन लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। आगे भी इस योजना के तहत राज्य के लोग निरंतर अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अजय गेड़ाम, भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे।

### रूक-रूक कर हो ...

अंचल में हो रही वर्षा किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। खेतों में फैली हरियाली और लहलहाती फसल देखकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान है। ग्रामीण अंचल की तस्वीर साफ झलकाती है कि इस वर्ष की बारिश ने किसानों को संजीवनी दी है। यदि इसी प्रकार मौसम अनुकूल बना रहा तो आने वाले दिनों में अंचल में धान का रिकॉर्ड उत्पादन होगा।

**कार्यालय कलेक्टर, बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक/6760/अ.कले. / 2025

बालोद, दिनांक 28/08/2025

न्यायालयीन रा. प्रकरण क्रमांक 202409241200013 वर्ष 2023-24 पक्षकार ऋषभकुमार सिन्हा पिता तेजराम सिन्हा वगैरह विरूध्द रामप्यारी पति गोपाल राम सिन्हा वगैरह इस न्यायालय मे विचाराधीन है उक्त विचाराधीन प्रकरण मे सुनवाई हेतु न्यायालय द्वारा ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया किन्तु नोटिस उपरांत भी आप पक्षकार (1) रामप्यारी पति गोपाल राम सिन्हा जाति कलार (2) तेजराम पिता गोपाल सिन्हा न्यायालय मे उपस्थित नही हुये है। अतएव इस सूचना के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 12.09.2025 को समय 12.00 बजे न्यायालय अपर कलेक्टर बालोद मे स्वतः अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन पेश करने हेतु अनिवार्यतः उपस्थित होवे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति मानते हुये प्रकरण मे अग्रीम कार्यवाही की जावेगी

**अपर कलेक्टर, बालोद जिला बालोद**

## खबर संक्षेप



### नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश को लागू करने अधिकारी हुए सख्त

**भिलाई।** नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश का पालन नहीं होता देख दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले में सभी पेट्रोल पंप संचालको की बैठक बुलाई। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने निर्देश दिया कि आदेश का सख्ती से पालन किया जाए नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए कि सभी लोग सुरक्षित रहें, बिना हेलमेट के वाहन चलाने से दुर्घटना होने पर सिर में गंभीर चोट लग सकती है, हेलमेट लगाने से बचा जा सकता है। संचालकों को बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देना है। एएसपी शहर सुखनंदन राठौर ने कहा कि सबके समन्वित प्रयास से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है, साथ ही सीसीटीवी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सुरक्षित वातावरण तैयार करने में सहयोग करें।

### कोस्टा रिसोर्ट के मालिक के खिलाफ जुर्म हुआ दर्ज

**भिलाई।** कोस्टा रिसोर्ट में बीते 25 नवंबर को शादी समारोह के दौरान एक आठ वर्षीय बच्चे की स्वीमींग पूल में डूबने से मौत हुई थी। घटना जांच कर रही पुलिस ने बताया कि जांच में पाया गया है कि कोस्ट रिसोर्ट संचालक हेमंत देवांगन ने प्रथम तल में बने स्वीमींग पूल की गहराई 8 फीट रखी है। पूल का निर्माण लापरवाही पूर्वक किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। बोरी पुलिस ने बताया कि कुशालपुर चौकी प्रोफेसर कालोनी रायपुर निवासी मृतक लोकेश देवागंन 8 वर्ष शादी कार्यक्रम में खेलने के दौरान स्वीमिंग पुल में भरे पानी में गिरने उसकी मौत हो गई। दुर्ग जिले के दनिया स्थित कोस्टा रिसार्ट के संचालक हेमंत देवांगन द्वारा बनाए गए स्वीमींग पुल में लापरवाही पाई गई है। घटना की शिकायत सिकोलाभाठा मोहन नगर दुर्ग हाल कुशालपुर चौक प्रोफेसर कालोनी निवासी राजकुमार देवागंन ने की। उसने बताया कि 24 नंबर को ननकट्टी निवासी ज्ञान देवांगन के बेटे पकंज देवांगन की कोस्टा रिसॉर्ट में शादी थी। उसमें शामिल होने के लिए वो अपनी पत्नी दामिनी, बेटे एश्वर्य व लोकेश के साथ गया था। उसके साथ उसे अन्य रिश्तेदार भी थे।

### गर्भवती होने के बाद किया शादी से इंकार, भेजा जेल

**भिलाई।** युवती से दोस्ती कर प्यार और शादी का झांसा देकर उसके साथ दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए, जब युवती गर्भवती हो गई तो युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद युवत ने नेवई थाने में शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया और आरोपी युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया गया। नेवई पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम बाबू सागर है। वो रिसाली भाठा नेवई का रहने वाला है। 23 वर्षीय युवती से उसकी मुलाकात 2023 को गणेश विसर्जन के समय स्टेशन मरोदा में हुई थी।

**बैठक : कलेक्टर मिश्रा ने विकास कार्यों की समीक्षा की**

# ग्राम विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने क्यूआर कोड लगाए : कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत गुरूर सभाकक्ष में ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्य, मनरेगा कार्य, प्रधानमंत्री आवास, मोर गांव मोर पानी अभियान और आजिविका मिशन के तहत बाड़ी विकास गतिविधियो, गौधाम योजना योजना मकलेक्टर ने किया अमृत सरोवर व प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य का निरीक्षण बारे मे जनपद अधिकरी, कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित किया था।

- अमृत सरोवर व प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य का निरीक्षण

समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक से आवास हितग्राहियो के बन रहे आवासो के प्रगति के बारे में जानकारी लिया गया तथा द्वितीय किस्त प्राप्त हितग्राहियो को 30 सिंतबर तक आवास पूर्ण किये जाने के निर्देशित किये। साथ ही आवास पूर्ण करने में आ रही समस्या के बारे में भी चर्चा किये एवं ऐसे हितग्राही जो प्रधानमंत्री आवास का राशि प्राप्त कर चुके है किन्तु आवास बनाने में रूचि नही ले रहे है या किस्त की राशि को अन्य कार्य में खर्च कर लिया हो ऐसे हितग्राही से जल्द ही राशि वसूली की कार्यवाही की जावेगी। साथ ही आवास निर्माण के प्रगति स्तर के जियो टैंग के आधार पर आवास किस्त का आबंटन जारी होगा तथा मनरेगा का 90 मानव दिवस का रोजगार इसी के आधार पर मस्टर रोल ग्राम रोजगार सहायक द्वारा जारी किया है। निर्धारित समय–सीमा पर आवास पूर्ण नही होने और कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिव एवं आवास मित्र पर कड़ी कार्यवाही करने की समझाईश कलेक्टर द्वारा दी गई।

**जिला व जनपद स्तरीय अधिकारी रहे उपस्थित**



**ये रहे मौजूद** निरीक्षण के दौरान जिला सीईओ बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला समन्वयक प्रभात साहू, आवास समन्वयक चौन साहू, मनरेगा सहायक परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश साहू, सीईओ जनपद गुरूर उमेश रात्रे, अतिरिक्त सीईओ आरएल सिरमौर, एनके. बांगड़े, एसडीओ रामनारायण मारकण्डे, मनरेगा अधिकारी योगेश देवागन, संबंधित तकनीकी सहायक और सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सभी ग्राम पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यो का क्यूआरकोड़ प्रत्येक ग्राम पंचायत के सूचना फलक पर चस्पा करने को कहा गया, जिससे ग्रामीणजन क्यूआरकोड़ स्कैन ग्राम पंचायत में संचालित कार्यो की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सके साथ ही मनरेगा कार्य योजना एवं ग्राम विकास कार्ययोजना तैयार करने में ग्रामीण सहभागिता वृद्वि हो सके। समीक्षा बैठक के उपरांत कलेक्टर एवं जिला सीईओ ग्राम पंचायत तारएँ महिला समुह द्वारा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेट कार्य का निरीक्षण किया गया, समुह की दीदियों से चर्चा करते हुए प्लास्टिक संग्रहण क्रेन्द्र मे स्थापित मशीन बेलिंग, फाटका एवं थ्रेड के कार्यप्रणाली के बारे जानकारी लिये एवं ग्राम पंचायत सोंहपुर में मनरेगा से निर्मित अमृत सरोवर का अवलोकन और प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण करते हुए आवास हितग्राही दुलौरिन बाई से चर्चा करते हुए आवास में रैनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए कहा। संबंधित अधिकारी, सचिव, आवास मित्र को सभी आवासो में रैनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने का निर्देश दिये।



# जामगांव आर के छात्रों ने जीती जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर**

सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा दुर्ग जिला स्तरीय शिशु वर्ग खेल सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 में आयोजित किया गया। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने कबड्डी में जिला स्तर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू के मार्गदर्शन विद्यालय के 9 विद्यार्थी विविध प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। अन्य विविध प्रतियोगिता भी हुई। जामगांव आर कबड्डी में जिला स्तर पर प्रथम जिला शिशु वर्ग खेल, बौद्धिक, विज्ञान मेला 2025 में कबड्डी का फाइनल मैच जामगांव आर और कैलाश नगर टीम के मध्य खेला गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव की टीम ने 14 अंकों से विजयी हासिल किये। संरक्षक उपप्राचार्य लीकेश्वर साहू ने बताया सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर से कबड्डी टीम में कक्षा पंचम से हलीन कुमार, पुनीत कुमार, तेजांशु निर्मलकर, पारस कुमार, उमंग चंद्राकर, खोमेन्द्र साहू, नितिन सोनवानी प्रतिभागी रहे और प्रथम स्थान पर विजयी हुए। आयोजक संस्था ने दुर्ग जिला स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चो का सम्मान किए।

# अंचल में मनाया गया नवाखाई पर्व





**हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी**

प्रकृति और शक्ति के प्रति आस्था का प्रतीक, गोंड समाज का वार्षिक महापर्व पुनांग तिंदाना पंडुम(नवाखाई) इस वर्ष भी डोंडी ब्लॉक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। यह पर्व भादो नवमी के दिन, नई फसल के आगमन की खुशी में, पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मनाया जाता है। इस अवसर पर, समाज के लोग अपने पेन पुरखा शक्तियों और बूढ़ादेव को नए अन्न और जल अर्पित कर उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। बूढ़ाल पेन (पूर्वजों) और माता-पिता की सेवा के बाद, बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर कोरिया के पत्ते पर लकांज (नया अन्न) ग्रहण किया। डौंडी के पास स्थित बेलोदा के बूढ़ादेव प्रांगण में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 12 गांवों के सामाजिक सदस्यों ने भाग लिया। इन गांवों में बेलोदा, मंगलतराई, सिघोला, कंजेली, मर्रामखेड़ा, जपकोहड़ा, परसबिरही, अरजगुंडरा, गोटुलमुड़ा, केशोपुर, आमाबाहरा, परकालकसा और छापरपारा शामिल थे। सभी ने मिलकर तेल, हल्दी और पूजन सामग्री के साथ बूढ़ादेव और पेन पुरखा की सेवा की और एक साथ नवाखाई उत्सव मनाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश नुरोटी, जनपद पंचायत डोंडी के उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत डोंडी सोमेश सोरी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत चिखलाकसा खुमान कोरोटी, गोंड समाज डोंडी ब्लॉक के अध्यक्ष आत्माराम कौड़ो, नारायण कोला और अध्यक्ष बेलोदा मानसिंह दरपट्टी शामिल थे।

# वाणिज्य प्रबंधक और सलाहकार स्टेशन के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने रखी सात मांगें

**कुसुमकसा।** यहां के रेलवे स्टेशन में वाणिज्य प्रबंधक रायपुर मंडल संजय बैस और डॉ. भूपेंद्र मिश्रा सलाहकार स्टेशन उपभोक्ता कुसुमकसा, सलाहकार समिति के सदस्य व रेल्वे अधिकारी, स्टेशन मास्टर एवं जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने के पश्चात 7 सूत्रीय मांग को लेकर पत्र सौंपा गया, जिसमें कुसुमकसा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए यहां के स्टेशन में यात्रियों के लिए रिजर्वेशन काउंटर प्रारंभ किया जाए, रेलवे यात्रियों को कीचड़ से लथपथ रोड़ से जाना पड़ता है, रेलवे यात्रियों के लिए पहुंच मार्ग का सीमेंटीकरण किया जाये। सेकंड प्लेटफार्म स्टेशन पर बनाया जाय, यात्रियों को चढ़ने और उतरने की दूसरा पटरी में आने से परेशानी होती है, गांव से रेल्वे पहुंच मार्ग तक स्ट्रीट लाइट लगाया जाए, कुसुमकसा रेलवे फाटक की सड़क जर्जर और गड्ढे हो गए जिससे राहगीरों को बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है, इस शीघ्र बनाया जाये, सप्ताह में तीन दिन चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को पूरा सप्ताह भर चलाया जाये, यात्री ट्रेन में बोगी बढ़ाया जाए, इस अवसर सरपंच वेद बाई पिस्दा उपसरपंच नितिन जैन, पंच संतोष जैन, पंकज जेठवानी, पुष्पजीत बैस जयंत पिस्दा उपस्थित थे।

# आयुष स्वास्थ्य मेला में हितग्राहियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा**

छ.ग. शासन के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी बालोद डॉ. राजेश कुमार झारिया के मार्गदर्शन में विकास खण्ड गुण्डरदेही का विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला प्रथम चरण का आयोजन ग्राम डौकीडीह में किया गया। आयुष स्वास्थ्य मेला में कुल 383 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं परीक्षण के पश्चात आयुर्वेद एवं होम्योपैथी औषधियों का वितरण किया गया। मेला में रक्त जांच एवं नेत्र जांच की भी विशेष व्यवस्था की गई। आयुष स्वास्थ्य मेला के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे और अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत डौकीडीह लक्ष्मी ठाकुर के द्वारा की गई। मेला में डॉ. सत्यप्रकाश, डॉ. बलराम अग्रवाल, डॉ. पवन सिंह नागरे, डॉ. श्वेता मरावी, डॉ. सनथ देवांगन, डॉ. मुक्ति नेताम, डॉ. प्रियंका ठाकुर, फार्मासिस्ट चूरामन साहू, भुवनेश्वर साहू, अरुण देशमुख एवं जगन्नाथ देवांगन, अन्नू बर्मन, प्रियांजलि मडरे, उर्मिला सिंह, नीलकमल टंडन संजय निषाद आदि ने अपनी सेवाएं दी मेला में नेत्र सहायक अधिकारी घनश्याम पूरी एवं लैब टेक्नीशियन डोमेंद्र साहू ने अपनी सेवाएं दी।

# टीईटी अनिवार्यता पर कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : शिक्षक संघ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में 01 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के संबंध में शालेय शिक्षक संघ ने छत्तीसगढ़ में इस बड़ी समस्या से निजात पाने हेतु सुझाव सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग के समक्ष रखा है।

संगठन जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा है कि न्यायालय के उक्त निर्णय तथा कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता तथा उसके प्रभाव और विकल्पों के संबंध में सरकार को विश्लेषण करना चाहिए, अविलंब उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका करना चाहिए। संगठन ने सरकार से मांग की है कि सरकार कार्यरत शिक्षकों की सेवा की सुरक्षा सुनिश्चित करे कि किसी भी शिक्षक पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे और प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने मांग की है कि यदि सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय के अनुसार कार्यरत शिक्षकों को 02 वर्ष के भीतर शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य हो तो सरकार को इन 02 वर्षों में कम से कम 06 बार कार्यरत शिक्षकों के लिए पृथक से विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन करना चाहिए, ताकि सभी कार्यरत शिक्षक पात्रता परीक्षा पास हों ताकि उच्चतम न्यायालय के निर्णय का क्रियान्वयन भी हो सके।

- संगठन ने सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग

धर्मेश शर्मा ने सुझाव दिया है कि एससीईआरटी शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठ्यक्रम की समीक्षा करके विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए कार्यरत शिक्षकों के अनुकूल पाठ्यक्रम तैयार करे तथा पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयारी के लिए माड्यूल बनाकर कार्यरत शिक्षकों की आनलाईन मोड में विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी एससीईआरटी द्वारा करवायी जाए तथा शिक्षक संगठन भी सहयोग करें। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी और प्रदेश मीडिया प्रभारी और जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के उक्त निर्णय को सभी पक्षों द्वारा गंभीरता से लेना चाहिए, अपुष्ट खबरें व अफवाह नहीं फैलाना चाहिए। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आया प्रदेश के शिक्षकों में अपने सेवा सुरक्षा की चिंता व्याप्त हो गई है, जिस पर शालेय शिक्षक संघ ने छग शासन और स्कूल शिक्षा विभाग को दिया है।

संघ ने कहा विभागीय टीईटी के माध्यम से ही हजारों कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की जा सकती है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा चाही गई योग्यता भी प्राप्त की जा सकती है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियो ने सरकार से उपरोक्त मांगो पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

# कलेक्टर और सीईओ ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य का निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम तारएँ पहुंचकर महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य का निरीक्षण किया।

- पीएम आवास का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की ली जानकारी

इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य में लगे स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा कर प्लास्टिक संग्रहण केन्द्र में संचालित मशीन, बेलिंग, फटका एवं थ्रेड के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम सोहपुर पहुंचकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने अमृत सरोवर के समीप नीम के पौधे का रोपण भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को पेड़–पौधों के महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा रोपे गए पौधों की सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने कहा। इस



दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही दुलौरिन बाई के नवनिर्मित आवास का निरीक्षण कर दुलौरिन बाई से आवास निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली। उन्होंने दुलौरिन बाई को इस नवनिर्मित आवास में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाने की समझाईश दी। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित की जाने वाली सभी आवासों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश भी दिए।

### बालक को बचाने वाला नदी में बहा

**भिलाई।** 12 वर्षीय बालक को बचाने शिवनाथ नदी कूदा युवक तेज बहाव में बह गया। मिली जानकारी के मुताबिक बालक को बचाने दो युवक जिसमें एक युवक योगेंद्र ठाकुर बालक को बचाने में सफल रहा लेकिन खुद तेज बहाव में बह गया। स्थानीय लोगों ने बालक और अन्य युवक को बचा लिया। खबर लगते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। योगेंद्र ठाकुर की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। फिलहाल योगेन्द्र की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**ढाई सौ से अधिक पशुओं की जांच व औषधि वितरण किया**

# पशुधन की सुरक्षा के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**

विकासखण्ड में पशुधन की सुरक्षा के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है, विकासखण्ड मे टीकाकरण के सांथ अब पशुओं का रक्त का नमूना लेकर उसकी जांच की जा रही है।

प्रदेश स्तरीय टीम द्वारा पशुओं के खून का नमूना लिया गया। डाक्टरों की प्रदेश स्तरीय टीम ने ग्राम पंचायत कोशागोंदी व पशु औषधालय अरमरीकला विकासखंड गुरुर में पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर एवं पशुधन विकास विभाग जिला बालोद के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर एवं विभिन्न मवेशियों का रोग अन्वेंशण हेतु नमूना एकत्रीकरण किया गया। ग्राम पंचायत कोशागोंदी सरपंच तुलसी साहू की उपस्थिति में ग्राम के ढाई सौ से अधिक पशुओं में स्वास्थ्य जांच, औषधि वितरण, पशु चिकित्सा कार्य एवं कुछ रोगी पशुओं के उच्च स्तरीय सूक्ष्मदर्शी बीमारियों की जांच हेतु नमूना रक्त पट्टिका, रक्त नमूना, सीरम नमूना एवं गोबर नमूना एकत्रीकरण कर रायपुर भेजा गया। 2 से 3 दिनों में एकत्रित सभी नमुनो की जांच रायपुर टीम द्वारा अवगत करवाया जाएगा। इस शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया था जिससे ग्रामीण अंचल के पशुपालकों को पशु चिकित्सीय लाभ दिया जा सके।





इस प्रकार के शिविर का आयोजन निरंतर जिले में आयोजित किया जावेगा। शिविर में राज्य स्तरीय पशु रोग अन्वेंशण प्रयोगशाला रायपुर से अतिरिक्त उपसंचालक डॉक्टर बिंदेश्वरी सिरमौर, जिला पशु रोग अन्वेंशण प्रयोगशाला बालोद से अतिरिक्त उपसंचालक डॉक्टर नम्रता शारदा, विकासखंड गुरुर से वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी बीके विश्वकर्मा, पशु चिकित्सा सहायक संलग्य डॉ अभिषेक मिश्रा, पशु चिकित्सा सहायक संलग्य डॉक्टर सोमेश कुमार जोशी, पशु औषधालय अलमरीकला से चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी विकास देवांगन पशु तथा मोबाइल वेटरनरी यूनिट गुरुर के सभी टीम के साथ ग्रामीण जन शिविर को सफल बनाने शामिल हुए।



रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411